# ९ करोड़ किसानों के खाते में आज ट्रांसफर होंगे २-२ हजार रूपये




दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी 28 फरवरी को महाराष्ट्र के यवतमाल से पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी करेंगे. पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त के अंतर्गत 21 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि से लगभग 9 करोड़ किसान परिवारों को लाभ मिलेगा. पीएम किसाम सम्मान निधि योजना के तहत किसानों के खाते में सालाना 6 हजार रुपये भेजे जाते हैं. किसानों के खाते में ये राशि हर 4 महीने के अंतराल में 3 किस्तों में ट्रांसफर की जाती है. हर किस्त में 2,000 रुपये दिये जाते हैं. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए ई–केवाईसी होना अनिवार्य है. अगर आपने अभी तक ई–केवाईसी नहीं करवाई है तो 16वीं किस्त से वंचित रह सकते हैं. वहीं, इस योजना का लाभ पाने के लिए किसानों के पास आधार कार्ड, बैंक अकाउंट होना अनिवार्य है. इसके साथ जमीन के दस्तावेज, निवास प्रमाण पत्र भी जरूरी हैं.किसानों को इस स्कीम का लाभ पाने के लिए अपने जमीन का सत्यापन करवाना भी जरूरी है. इनमें से किसी भी डॉक्यूमेंट के ना होने पर पर किसान पीएम किसान योजना से वंचित रह सकते हैं. पीएम किसान योजना को लेकर सरकार ने एक बदलाव किया है. सरकार की तरफ से बेनेफेशियरी स्टेटस देखने का तरीका बदल दिया गया है. पहले किसान मोबाइल नंबर या आधार नंबर के सहारे अपने किस्त का स्टेटस देख लेता था. अब किसानों को इसके लिए पीएम किसान योजना के लिए आवेदन करते वक्त मिला रजिस्ट्रेशन नंबर होना जरूरी है. इसके बिना आप अपना बेनेफिशियरी स्टेटस नहीं देख सकते हैं.

# दो सैटेलाइट की अंतरिक्ष में टक्कर होने की संभावना



आफत! दो सैटेलाइट की अंतरिक्ष में टक्कर होने वाली है, क्या होगा इसका असर? घ294.71 रंदजेंमतपीजं.बवउ28 थमइ 2024 4रू45 च्ड • सांकेतिक तस्वीर पृथ्वी से लगभग 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर बुधवार को इन दो परिक्रमा करने वाले उपग्रहों के करीब आने की उम्मीद है। नई दिल्लीरू अमेरिका और रूस की सैटेलाइट्स की आज अंतरिक्ष में टक्कर हो सकती है। दोनों सैटेलाइट्स पर अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और रूस की एजेंसी नजर बनाए हुए है। जिन दो सैटेलाइट्स के टकराने की आशंका है, उनके नाम नासा के थर्मोस्फीयर आयनोस्फीयर मेसोस्फीयर एनर्जेटिक्स एंड डायनेमिक्स (ज्प्डम्) मिशन अंतरिक्ष यान और रूसी कॉसमॉस 2221 हैं। पृथ्वी से लगभग 600 किलोमीटर की ऊंचाई पर बुधवार को इन दो परिक्रमा करने वाले उपग्रहों के करीब आने की उम्मीद है। ।हालांकि, अभी के प्रोजेक्शन से यह भी माना जा रहा है कि हो सकता हो आखिरी समय में दोनों सैटेलाइट्स आपस में न टकराएं और बिल्कुल करीब से गुजर जाएं। ऐसे में तमाम कयासों के बीच तनाव का माहौल बना हुआ है। यदि अंतरिक्ष में इतनी ऊंचाई पर दो सैटेलाइट्स आपस में टकरा जाती हैं तो इससे स्पेस में काफी मलबा इकट्ठा हो सकता है, जिससे उसी कक्षा में घूम रहे अन्य सैटेलाइट्स के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। नासा के अलावा, अमेरिका का डिफेंस विभाग भी पूरी घटना पर करीब से नजर बनाए हुए है। ज अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, श्हालांकि अंतरिक्षयानों के एक–दूसरे से चूकने की आशंका है, लेकिन टक्कर के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण मलबा आ सकता है।श् उन्होंने कहा कि वह रक्षा विभाग के साथ स्थिति की निगरानी करना जारी रखे हुए है। हालांकि, बयान में यह नहीं बताया गया कि अंतरिक्ष यान एक–दूसरे के कितने करीब आएंगे। धरती के ऊपरी वायुमंडल के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के उद्देश्य से नास ने अपने टाइम्ड मिशन को लॉन्च किया था। इसके जरिए अमेरिका मेसोस्फीयर और निचले थर्मोस्फीयरद्ध आयनोस्फीयर पर सौर और मानव गतिविधियों के प्रभावों का अध्ययन करता है।

# अग्निवीर भर्ती परीक्षा में चयनित हुए छत्तीसगढ़ के ८७० युवा, सीएम ने दी बधाई



रायपुर। भारतीय सेना में काम करने का सपना छत्तीसगढ़ के नौजवानों का पूरा हुआ है। इंडियन आर्मी ने अग्निवीर पुरुष भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं ।

छत्तीसगढ़ से 870 कैंडिडेट्स को इसमें सफलता मिली है। यह भर्ती दिसंबर 2023 में जांजगीर चांपा जिले में आयोजित की गई थी। सेना भर्ती कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक भर्ती प्रक्रिया में 5532 कैंडिडेट ने भाग लिया था।

इसमें अग्निवीर जीडी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन के लिए युवाओं का चयन हुआ है। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक अग्निवीर क्लर्क कैटेगरी के रिजल्ट 1–2 दिनों के भीतर आ जाएंगे। फिलहाल तकनीकी कारणों से क्लर्क कैटेगरी के रिजल्ट जारी नहीं हो पाए हैं।

सीएम साय ने कहा, भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती परीक्षा में चयनित प्रदेश के 870 युवाओं को मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। देश सेवा के लिए आप सभी का ये उत्साह, ये जज्बा सराहनीय और स्वागतेय है। मां भारती के वीरों, आप सबको पुनः खूब बधाई। जय हिंद

# बृजमोहन अग्रवाल की माता पिस्तादेवी पंचतत्व में विलीन



रायपुर। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की मां पिस्तादेवी का मंगलवार शाम को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी मां के पार्थिव देह को कंधा दिया।

प्रदेश भाजपा सह प्रभारी नितिन नबीन भी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। दरअसल, अंतिम यात्रा मंत्री के निज आवास मौलश्री विहार से निकाली गई। जहां से महावीर गौशाला और रामसागर पारा भी ले जाया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राज्यपाल विश्वभूषण, प्रदेश सरकार के सभी मंत्री विधायक और सांसदों ने घर पर श्रद्धांजलि अर्पित की थी। बता दें कि, पिस्ता देवी ने 27 फरवरी को 91 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। वो पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं और रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती थीं। पिस्ता देवी अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक और समाजसेवी रामजीलाल अग्रवाल की धर्मपत्नी थीं।

# अनियमितता के कारण सीजीपीएससी में नहीं हुआ चयन, अब युवक ने उठाया यह कदम

बालोद। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सी जी पीएससी 2021 की चयन में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप में तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी सहित अन्य के खिलाफ बालोद जिला के अर्जुन्दा थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। समूचा मामला 2021 में हुई छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी और भ्रष्टाचार का है।

इंटरव्यू तक पहुंचने वाले एक युवक की शिकायत पर अर्जुन्दा थाना पुलिस इस मामले में एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस की माने तो पिछले सीजी पीएससी परीक्षा थी। उसमें एक युवक द्वारा लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया है। कि सीजी पीएससी में अनियमितता हुई है जिसके कारण उस प्रार्थी का चयन नहीं हो पाया है। उस पर 28 ध 24 थाना अर्जुन्दा में अपराध दर्ज किया गया है।

वहीं भ्रष्टाचार अधिनियम 420 के तहत जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा संबंधित एजेंसी को सौंपी जाएगी। अग्रिम विवेचना के लिए मामले की डायरी उन्हें सौंपी जायेगी।

# होली के लिए हर्बल गुलाल बनाने में जुटी जय माता दी महिला समूह

महासमुंद (आरएनएस)। इस बार भी होली को लेकर बिहान से जुड़ी जय माता दी महिला समूह डोकरपाली के महिला सदस्यों द्वारा हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा है। महिलाएं होली त्यौहार के पूर्व ही हर्बल गुलाल तैयार करने में लगी है। इस गुलाल को लगाने से चेहरे पर कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे इन हर्बल गुलाल और हर्बल रंग की कई विशेषताएं हैं। इसमें फूलों के रंग का इस्तेमाल किया जाता है। इतना ही नहीं गुलाल और रंग में महक के लिए भी फूलों का ही इस्तेमाल किया जाता है। इसमें किसी भी तरह का केमिकल नहीं मिलाया जाता है, जो नुकसान करें।

समूह की सदस्य श्रीमती चित्ररेखा दीवान ने बताया कि पिछले साल होली में 80 किलो हर्बल गुलाल महिलाओं ने बनाया। जिससे 30 से 40 हजार रुपए की आमदनी हुई। जिसकी काफ़ी माँग रही। उन्होंने कहा कि 10 रुपये, 20 और 50 रुपए के हर्बल गुलाल के पैकेट बनाए थे। उन्होंने बताया कि पालक, लालभाजी, हल्दी. जड़ी, बुटी व फूलों से हर्बल गुलाल बनाने का कार्य कर रही। इसके अलावा मंदिरों फूलों के बाजार से निकलने वाली इस्तेमाल किए हुए फूल पत्तियों को सुखाकर प्रोसेसिंग यूनिट में पीसकर गुलाल तैयार किया जाता है। गुलाब, गेंदे, स्याही फूल के साथ चुकंदर, हल्दी, आम और अमरूद की हरी पत्तियां को भी प्रोसेस किया जाता है। इस बार भी लगभग 60 किलोग्राम गुलाल तैयार कर लिया गया है। जिसमें से आधी मात्रा बिक गई है। गुलाल अनेक रंगों में बनाए जा रहे है जिसमें हरा, गुलाबी, पीला, केसरिया गुलाल शामिल है।

हर्बल गुलाल बनाकर महिलायें आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन का रास्ता प्रशस्त कर रहीं हैं। गांव की महिला सदस्यों का कहना है कि हर्बल गुलाल होने के कारण इस गुलाल का डिमांड ज़िले सहित आसपास के ज़िलो में से भी आ रही है। वहीं, महिलाओं को घर बैठे स्वरोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। इस बार हर्बल गुलाल ज़्यादा बनाए जाने का लक्ष्य है। उनका कहना है कि हर्बल गुलाल बनाकर बच्चे, बड़े, बुजुर्गों को रसायन युक्त गुलाल के नुकसान से बचाना है।

# एसपी ने किया सात टीआई व १३एसआई का ट्रांसफर

दुर्ग–रायपुर, (आरएनएस)। एसपी दुर्ग ने जिले में पदस्थ 7 निरीक्षकों (टीआई) के साथ 13 उपनिरीक्षकों (उपनिरीक्षकों) का तबादला आदेश जारी किया है। कार्यालय पुलिस अधीक्षक से जारी आदेशानुसार :–

निरीक्षक जिनका तबादला हुआ–

टीआई कपिल देव पांडेय, उतई से एसीसीयू, मनीष शर्मा रक्षित केन्द्र दुर्ग से थाना उतई, राजेश मिश्रा रक्षित केन्द्र दुर्ग से थाना प्रभारी सुपेला, आनंद शुक्ला यातायात थाने से थाना प्रभारी नेवई, विजय यादव रक्षित केन्द्र दुर्ग से थाना प्रभारी पुलगांव, वंदिता पानिकर महिला थाना प्रभारी को प्रभारी नियंत्रण कक्ष, चंद्रकांत कोसरिया रक्षित केन्द्र दुर्ग से यातायात थाना पदस्थ किया गया है।

एसआई जिनका तबादला हुआ–इसी तरह उपनिरीक्षक नीता राजपूता रक्षित केन्द्र से महिला थाना प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे चौकी प्रभारी मचांदुर को चौकी प्रभारी स्मृति नगर, नवीन राजपूता स्मकृति नगर से मचांदूर, राजभूषण सिंह रक्षित केन्द्र से लिटिया सेमरिया चौकी, धनेश्वर साहू रक्षित केन्द्र से थाना रानीतराई, प्रताप सिंह रक्षित केन्द्र दुर्ग से जामगांव आर, दीपक सिंह चौहान रक्षित केन्द्र से थाना बोरी, उग्रसेन जगत रक्षित केन्द्र से थाना नंदिनी नगर, उनियर कुमार चांदे रक्षित केन्द्र से थाना पदमनाथपुर, राजबहादुर यादव थाना पुरानी भिलाई से पदमनाथपुर, कुमार सिंह सिनहा रक्षित केन्द्र से नेवई थाना तथा रामजी को रक्षित केन्द्र दुर्ग से थाना भिलाई नगर पदस्थ किया गया है।

# ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की आपूर्ति के लिए आवश्यक तैयारी करें : आयुक्त



भिलाईनगर। आगामी ग्रीष्म ऋतु में भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियो को पेयजल की किल्लत न हो इसे लेकर हमे पर्याप्त तैयारी रखना होगा। जिसके लिए समय पर उच्चस्तरीय जलागार की सफाई, पाईप लाईन लिकेजो का संधारण, हैण्ड पम्प, पावर पम्प चालू हालत में हो।

निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में निगम क्षेत्र के सभी वार्डो के बस्तियो में लोगो को पर्याप्त मात्रा में पेयजल व निस्तारी पानी मिले इसके लिए हमे आवश्यक तैयारी करना होगा। सभी जोन के ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया जाये जहॉ गत वर्ष पानी की समस्या से जुझना पड़ा हो, उन क्षेत्रो के हैण्ड पम्प, पावर पम्प की जॉच कर आवश्यक संधारण किया जावे। पानी टंकी एवं सम्पवेल की सफाई समय पर हो तथा पेयजल आपूर्ति हेतु बिछाये गये पाईप लाईन का सभी जोन आयुक्त जॉच कर लिकेज पाये जाने की स्थिति में संधारण कार्य पूर्ण करवा लें ताकि आखरी छोर तक पानी का प्रेशर बना रहे। जिन क्षेत्रो में टेंकर के माध्यम से जल आपूर्ति किया जाना है ऐसे मोहल्लो की पहचान कर निविदा संबंधी आवश्यक कार्य समय पर पूर्ण कर लेवें। आयुक्त ने आनलाईन शिकायत पोर्टल निदान में पानी के प्राप्त शिकायतो पर सभी जोन आयुक्त तत्काल कार्यवाही कर निराकरण करने को कहा । जिस किसी भी क्षेत्र का पेयजल जॉच के दौरान दुषित पाया जाता है तो वहॉ तत्काल आवश्यक उपचार कर पानी को पीने योग्य बनाये। उन्होंने जोन स्वास्थ्य विभाग को मितानिन के साथ मिलकर मोहल्लो मे सर्वे करके यह सुनिश्चित कर ले की वहॉ डायरिया, डेंगू जैसे बिमारी का प्रभाव तो नही हो रहा है एवं इसके मरीज पाये जाने पर तत्काल उपचार किया जाये। आयुक्त श्री ध्रुव ने सड़क सुरक्षा के अंतर्गत निगम क्षेत्र में वाहनो के दुर्घटना से बचाव हेतु सड़क पर रखे निर्माण सामग्री, कंडम वाहन के मालिको को नोटिस देकर तत्काल हटाने को सुचित करें। समय अवधि में अगर नहीं हटाया जाता है तो उनके विरुद्व जुर्माना अधिरोपित करते हुए जप्ती की कार्यवाही करें। सड़क पर लगे अवैध होल्डिंग को भी हटाया जाये।

आयुक्त ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में भरे गये आवेदनो की प्रगति, स्कूल जतन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना मे भवन निर्माण की प्रगति, अप्रारंभ कार्य , खराब सड़को का संधारण एवं नाली सफाई का क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

पेयजल की समस्या के निदान के लिए स्थापित किये–हेल्प डेस्क

आयुक्त ने गर्मी के दिनो में पेयजल संबंधी किसी भी शिकायत को दर्ज करने निगम मुख्य कार्यालय में हेल्प डेस्क की स्थापना किये है। जिसका दुरभाष क्रमांक– 07882294303 है। जहॉ कर्मचारियो की नियुक्ति भी की गई है, जिनसे सम्पर्क कर नागरिक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।

बैठक मे उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, राजस्व अधिकारी, सहायक अभियंता, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी सहित सभी विभाग प्रमंख उपस्थित थे।

# दिल का दौरा पड़ने से २५ साल के लड़के की मौत, सदमे में पत्नी छत से कूदकर दी जान



**नयी दिल्ली :** 25 वर्षीय एक व्यक्ति की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई जब वह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली चिड़ियाघर का दौरा कर रहा था। सदमे में उनकी पत्नी ने दिल्ली के पास गाजियाबाद में अपने सातवीं मंजिल के घर से कूदकर जान दे दी। यह घटना सोमवार को हुई जब नवविवाहित जोड़े – प्रॉपर्टी डीलर अभिषेक अहलूवालिया और उनकी 22 वर्षीय पत्नी अंजलि – चिड़ियाघर का दौरा कर रहे थे। अहलूवालिया को दिल का दौरा पड़ा और वे गिर पड़े।

घबराई हुई अंजलि ने अपने दोस्तों और परिवार से संपर्क किया जिसके बाद अहलूवालिया को अस्पताल ले जाया गया। परिवार ने कहा हार्ट अटैक की पुष्टि के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में अहलूवालिया का शव घर लाया गया। अंजलि उसके शव को देखकर टूट गई और उसके पास बैठ गई।इसके बाद वह बालकनी में पहुंची और गाजियाबाद के वैशाली सेक्टर 3 में एल्कॉन अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से कूद गई। पूर्वोत्तर दिल्ली के करावल नगर की रहने वाली अंजलि को मैक्स अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसे एम्स रेफर कर दिया गया और बाद में उसने दम तोड़ दिया।

उत्कल मेल प्रकाशनी प्रा. लि. की ओर से पीतवास मिश्र द्वारा महावीर प्रिंटर्स, सी/२३/१, इंडस्ट्रीयल इस्टेट, राउरकेला-७६९००४ से मुद्रित व प्रकाशित.

प्रधान संपादक
श्रीमती रीता मिश्र

सम्पादक
डॉ. पीतवास मिश्र

संयुक्त सम्पादक
डॉ. सुशील दाहिमा

प्रबंध सम्पादक
मनस्विनी मिश्र

संपादकीय कार्यालय
ए/८, कामर्शियल इस्टेट, राउरकेला - ७६९००४, ओड़िशा
फोन : २४०१९४९ (कार्यालय)
फैक्स : (०६६१) २४०१३३२
E-mail
utkalmailnews@gmail.com

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा
दूरभाष (ईपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

सूचना

सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है।
R-5196